तापमान

अधिकतम 36 .0 डिग्री

न्यूनतम 24 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 27 सितंबर 2025



13 सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी लाने के लिए काम करें



13 महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को लेकर....




## खबर संक्षेप

### बाइक सवार से दो किलो 16 ग्राम गांजा बरामद

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव पिडारा के निकट बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से दो किलो 16 ग्राम गांजा बरामद किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव बोहतवाला निवासी अमित नशीले पदार्थों का कारोबार करता है।

### घर से फोन और नकदी चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना ढांड क्षेत्र से एक घर से मोबाइल फोन व नकदी चोरी करने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस पुलिस के एचसी दिलावर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी पबनावा निवासी राहुल को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव पबनावा निवासी गौरव की शिकायत अनुसार 20 अगस्त की रात को तीन फोन व 50 हजार की नकदी अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था।

### तेज रफ्तार स्कूटी की टक्कर से बच्चे की मौत

**जींद।** पटियाला चौक पर तेज रफतार स्कूटी की टक्कर से बालक की मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार स्कूटी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। श्याम नगर निवासी अरविंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 24 सितंबर देर रात को अपने आठ वर्षीय बेटे राज के साथ पटियाला चौक पर सड़क पार कर रहा था।

### फर्जी लिंक भेज खाते से उड़ाई राशि, केस

**कैथल।** साइबर ठगों द्वारा व्यक्ति के पास फर्जी आरटीओ चालान की एपीके लिंक भेज कर उसे खाते से 292148 की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। सुनील ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 जुलाई को व्हाट्सएप पर आरटीओ चालान के नाम से एपीके फाइल जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो उसमें एक वेबसाइट खुल गई तथा उसका नाम भरने के लिए कहा था।

### बैंक खाते से गायब हुए 80 हजार, मामला दर्ज

**जींद।** उपभोक्ता के बैंक खाते से 80 हजार रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अर्बन एस्टेट निवासी ईश्वरदत्त ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया दस सितंबर से 12 सितंबर तक उसके बैंक खाते से 80 हजार रुपये गायब हो गए।

### रास्ता रोककर की मारपीट, दो घायल

**कैथल।** गांव कौल में रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। गांव कौल के कारण सिंह ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 सितंबर को जब वह रात को गांव से जा रहा था तो गांव के ही नवीन, सतीश, मुकेश और बलबीर ने एक अन्य युवक के साथ मिलकर उसका रास्ता रोकते हुए सीमेंट के ब्लॉक मारकर उसे घायल कर दिया।

### विवाहिता को जहर देने का आरोप, मामला दर्ज

**कैथल।** सिविल लाइन पुलिस ने दहेज के लिए एक विवाहिता को प्रताड़ित करने तथा उसे जहर देने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। रणधीर कॉलोनी कैथल की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व सुगम के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी।

### भूमिगत चल रहा आरोपी गिफ्तार

**कैथल।** पीओ स्टाफ द्वारा वर्ष 2022 दौरान एक भेड़ बकरी चोरी करने के मामले में लगातार भूमिगत चल रहे आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव नैना निवासी रोहित को काबू किया गया।

---

### पराली प्रबंधन को लेकर आयोजित बैठक में डीसी ने जारी किए सख्त निर्देश

# पराली को जलाने पर ग्राम सचिव, पटवारी, एसएचओ डीडीए से लेकर एसडीएम तक से लिया जाएगा जवाब

### पराली जलाने वालों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाएगीः प्रीति

**सायं के समय अधिक पेट्रोलिंग की जाए**



कैथल। डीसी प्रीति पराली प्रबंधन को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि संबंधित अधिकारी जिले में पराली प्रबंधन के अंतर्गत शून्य पराली जलाने की घटनाओं के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आपसी तालमेल से जमीनी स्तर पर काम करें। यदि कहीं आगजनी की घटना सामने आती है तो पराली में आग लगाने वाले व्यक्ति के खिलाफ तुरंत एफआईआर तो दर्ज की ही जाएगी, साथ में संबंधित ग्राम सचिव, पटवारी, एसएचओ, डीडीए से लेकर एसडीएम तक से जवाब लिया जाएगा। इसीलिए पुलिस व सिविल प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय से काम करें। शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में पराली प्रबंधन को लेकर आयोजित बैठक में उक्त निर्देश जारी करते हुए डीसी प्रीति ने कहा कि पिछले साल जिले में 194 जगह आगजनी की घटनाएं सामने आई थीं। इस बार एक भी जगह आगजनी की घटना सामने नहीं आनी चाहिए। अगले तीन से चार दिनों में सभी अधिकारी गांवों में जाएं। विशेष रूप से उन गांवों में जाएं, जहां पिछले साल आगजनी हुई थी। यदि कहीं आगजनी की सूचना मिलती है तो तुरंत मौके पर जाकर एक्टिव फायर लोकेशन की जांच की जाए। जब पुलिस व प्रशासनिक टीमें एक साथ गांवों में जाएंगी तो निश्चित तौर पर परिणाम आएगा। पराली जलाने की घटना मिलने पर तुरंत संबंधित व्यक्ति का चालान कर उस पर जुर्माना किए जाने, पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने व राजस्व विभाग उस व्यक्ति की अपने रिकॉड में रेड इंटरी करना सुनिश्चित करें। एसएचओ यह सुनिश्चित करें कि सायं के समय अधिक पेट्रोलिंग की जाए। जब किसी गांव में जाएं तो वहां पटवारी, ग्राम सचिव व ग्रामीण स्तर पर बनाई गई टीम को साथ लेकर लोगों को जागरूक करें।

**मामलों को गंभीरता से ले**

बैठक में एसपी उपासना यादव ने सभी एसएचओ निर्देश देते हुए कहा कि वे सूचना मिलने पर पराली जलाने संबंधी एफआईआर में देरी न करें। तुरंत एफआईआर दर्ज करें। शाम के समय पेट्रोलिंग बढ़ाएं। कंट्रोल रूम से सूचना मिलती है तो तुरंत संबंधित साइट पर जाकर नियमानुसार कार्रवाई करें। पराली जलाने संबंधी मामलों को गंभीरता से लें।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एसपी उपासना, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, आरटीए गिरिश कुमार, जिप सीईओ सुरेश राविश, शुगर मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार, एसडीएम प्रमेश सिंह, डीएसपी वीरभान, ललित कुमार, गुरविंद्र सिंह व कुलदीप बैनिवाल, डीडीए सुरेंद्र सिंह, डीआरओ चंद्रमोहन, डीआईपीआरओ नसीबर सिंह के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**जागरूकता शिविर आयोजित किए**

डीसी ने कहा कि कृषि उपनिदेशक सुनिश्चित करें कि जिन गांवों में आगजनी हुई थी, वहां लगातार जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं। लोगों को आगजनी से होने वाले नुकसान व सरकार के निर्देशों की जानकारी दें। उन्हें पराली प्रबंधन पर दी जा रही 1200 रुपये की राशि, प्रबंधन के लिए उपलब्ध करवाई जा रही इनसीटू एवं एक्ससीटू मशीनों की जानकारी दें। साथ ही कंट्रोल रूम में आने वाली सूचनाओं के अनुसार किसानों को तुरंत बेलर व उनकी जरूरत की मशीनें उपलब्ध करवाएं, ताकि किसानों को पराली जलानी न पड़े और वे अपनी पराली का प्रबंधन कर सकें।

---

### गायब युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी

# लव ट्रायंगल बनने के चलते की गई गला घोंट कर हत्या

- शव जंगल से हुआ बरामद, आरोपी 5 दिन के रिमांड पर



जानकारी देते डीएसपी संदीप कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

करेला से सवा माह पहले गायब युवक सुमित की हत्या लव ट्रायंगल के चलते गला घोंट कर की गई थी। आरोपित को संदेह था कि दोनों की कामन महिला दोस्त के अलावा उसकी आरोपित की भाभी से भी अवैध संबंध है। आरोपित पूर्व में अपनी बहन की भी हत्या कर चुका है। जिसमें उसे सजा हो चुकी है और हाईकोर्ट से जमानत पर आया था। जुलाना थाना पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत से पांच दिन के रिमांड पर लिया है। क्या है मामलाः गांव करेला निवासी सुमित 26 गत 14 अगस्त को गांव समर गोपालपुर रोहतक में फैक्टरी में काम के लिए निकला था। जिसके बाद वह वापस नही लौटा। जिस पर सुमित की पत्नी मुकेश की शिकायत पर जुलाना थाना पुलिस ने 15 अगस्त को गुमशुदगी का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने सुमित के गायब होने पर रिवर्स जांच की तो गायब होने के सवा माह बाद उसका शव भी बरामद हो गया और आरोपित गांव समर गोपालपुर निवासी मोनू भी पुलिस हत्थे चढ गया। रिवर्स जांच मे मृतक सुमित के साथ फैक्टरी में काम करने वाली निडाना रोहतक निवासी सोनिया का नाम सामने आया। जिसके साथ कड़ी जुड़ती चली गई और हत्यारे मोनू तक जा पहुंची। मृतक आरोपित के बाइक पर उसके साथ गया था।

**बना लव ट्रायंगल**

पुलिस छानबीन में सामने आया कि मृतक सुमित के फैक्टरी में काम करने वाली सोनिया से संबंध थे। सोनिया तथा सुमित के साथ उसी फैक्टरी में आरोपित मोनू की भाभी भी काम करती थी। जिसकी मृतक तथा सोनिया के गहरी दोस्ती थी। मृतक सुमित गत 14 अगस्त को पीजीआई रोहतक में उपचाराधीन सोनिया से मिलने गया था। जहां पर आरोपित मोनू की भाभी भी थी। उस दौरान मौनू भी वहां पर मौजूद था। उसी दौरान सुमित भी वहा पहुंच गया। जहां पर मृतक तथा आरोपित मे पहली बाद जान पहचान हुई।

**शराब पीकर कर दी हत्या**

पीजीआई से मृतक सुमित आरोपित मोनू के साथ बाइक पर आया था। रास्ते में दोनों के बीच सोनिया तथा उसकी सहेली को लेकर अंतरंग बाते हुई। । भाभी से अवैध संबंध के चलते आरोपित ने उसी समय दोस्ती गहरी करने के लिए रास्त में शराब को खरीदा। फिर समर गोपालपुर फैक्टरी के पीछे जगंल में ले गया। व गला घोंट कर हत्या कर दी।

---

# सीएम फ्लाइंग ने सफीदों के रेलवे रोड से भरे सैंपल

- घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग के चलते निर्माण के साथ उखड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइग तथा पंचायती राज की सयुक्त टैक्रीकल टीम ने शुक्रवार को सफीदो के रेलवे रोड पर बनाई गई सडक के सैपल लेकर उन्हे जांच के लिए लैबारेट्री भेजा है। घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग की शिकायत की जांच सीएम फ्लाइग को सौपी गई है। आगामी कार्रवाई सैपल रिपोर्ट आने के बाद सबधित विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइग को शिकायत मिली थी कि रेलवे रोड पर सडक निर्माण मे घटिया सामग्री का प्रयोग किया है। सडक बनने के दस दिन ही वह उखडनी शुरू हो गई। सडक का निर्माण नगरपालिका द्वारा करवाया गया था। जिस पर लगभग एक करोड 70 लाख का बजट खर्च हुआ था। शिकायत के आधार पर सीएम फ्लाइग के इन्सपेक्टर रोहताश सब इन्सपेक्टर चरण सिह, सतपाल की सयुक्त टीम गठित की गई। जिसमे पचायती राज के एसडीओ तथा जेई को भी शामिल किया। शुक्रवार को टीम ने लगभग पांच सौ मीटर बनी सडक के सयुक्त टीम चार निर्माण सामग्री के सैंपल भरे। जिन्हे सील कर जांच के लिए लैबरोटरी भेज दिया गया।



जींद। सैंपल लेते हुए टीम।

**सैपल भरे**

सीएम फ्लाइग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि सयुक्त टीम ने सडक निर्माण मे प्रयोग सामग्री के सैपल भरे है। जिन्हे जांच के लिए लैबोरट्री भेजा गया है। सैपल रिपोर्ट आने के बाद संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी।

### पाई की अनाज मंडी में धान खरीद का कार्य शुरू

**पाई।** पाई अनाज मंडी में शुक्रवार को धान खरीद के पांचवे दिन किसानों की धान की खरीद शुरू हुई, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। समाचार लिखे जाने तक लगभग 2 हजार क्विंटल की खरीद हो चुकी थी और खरीद चल रही थी। गौरतलब है कि किसान मंडी में अपनी फसल ला तो रहे थे, परन्तु सरकारी खरीद नहीं हो रही थी। अब पांचवे दिन खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने पाई अनाज मंडी में आकर किसानों की धान की खरीद शुरू की। खरीद का कार्य शुरू होने से किसानों ने राहत मिली। वहीं मार्किट कमेटी सचिव जोगिंदर सिंह पेसिया ने किसानों से अपील की वे अपनी फसल पुरी तरह साफ व सुखाकर ही मंडी में लेकर आए ताकि उनको अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न आए।



नरवाना। मंडी पर ताला लगा ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो :हरिभूमि

---

# डंफर ने स्कूटी सवार छात्रा को रौंदा, एक की मौत, दूसरी गंभीर

- गांव खोखरी के निकट हादसा स्कूटी पर सवार हो लौट रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव खोखरी के निकट शुक्रवार दोपहर बाद डंफर ने स्कूटी सवार एक छात्रा को रौंद डाला। जबकि उसकी बहन घायल हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक फरार हो गया। मृतक छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव में रखवाया गया है। सैक्टर आठ के निकट प्राइवेट बस्ती निवासी मानसी (16) तथा उसकी बड़ी बहन नीलम (17) शुक्रवार दोपहर बाद गांव खोखरी से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रही थी। गांव से निकलते ही जींद-दालमवाला मार्ग पर डंफर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बहनें नीचे गिर गई। डफर ने मानसी को रौंद डाला। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नीलम घायल हो गई।



**मामले की जांच जारी**

सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### 1.5 किलोग्राम अफीम सहित दो तस्कर दबोचे

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा थाना राजोंद क्षेत्र से 2 नशा तस्कर को 1 किलो 5 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान गांव किठाना में मौजूद थी, गुप्त सूचना मिली थी कि अलेवा जिला जींद निवासी गौरव व हिमांशु जो नशीला पदार्थ अफीम बेचने का काम करते हैं। जो आज बाइक पर सवार होकर नशीला पदार्थ अफीम लेकर जींद की तरफ से कैथल जाएगें। सूचना विश्वसनीय होने से पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते जींद कैथल रोड़ नाकाबंदी कर जींद की तरफ से आए संदिग्ध बाइक सवार 2 युवकों को रोकने के लिए इशारा किया था।

### धान की खरीद नहीं होने पर मंडी गेट पर जड़ा ताला

**नरवाना।** धान की खरीदन न होने पर शुक्रवार को नरवाना की मेला मंडी में घासीराम नैन किसान विश्राम गृह में संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता व खाप पंचायतों के प्रधान बैठक करके धान खरीद को लेकर मंडी गेट पर ताला लगा कर बैठने पर नरवाना एसडीएम जगदीश चंद्र ने मौके पर आकर किसानों की बात सुनी और समस्याओं का समाधान करने का विश्वास दिलाया। किसानों ने एसडीएम जगदीश चंद्र को ज्ञापन भी दिया। आज सुबह से ही किसान मंडी गेट पर एकत्रित होने शुरू हो गए थे।



**जिला पुलिस ने किया फ्लैग मार्च**

**जींद।** जिला पुलिस ने त्यौहारों के सीजन को देखते हुए चौकसी बढाने के साथ सुरक्षा के भी बेहद कड़े सुरक्षा प्रबंध किए है। उसी कडी मे उपमडल स्तर पर पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। जिसके पीछे मुख्य उद्देश्य लोगो मे सुरक्षा को लेकर विश्वास बनाए रखना रहा। फैलग मार्च के दौरान डीएसपी तथा थाना प्रबधको ने आमजन से त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने तथा सदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तुरत पुलिस को सूचना देने की अपील की। सफीदों के डीएसपी गौरव शर्मा के नेतृत्व मे थाना शहर तथा सदर थान पुलिस ने सयुक्त तौर पर बाजार मे फैलग मार्च किया।

---

# जींद से कटरा जाने वाली बस में यात्रियों की संख्या में इजाफा

### नवरात्र के चलते मां वैष्णो देवी के भक्तों की संख्या बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नवरात्र के चलते जींद से कटरा जाने वाली बस में यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। पहले जींद से जहां 15 से 20 यात्री कटरा के लिए बस में जाते थे, अब 35 से 40 यात्री सफर कर रहे हैं। पिछले दिनों पहाड़ों में हुई भारी बारिश और भूस्खलन के कारण जींद से कटरा जाने वाली बस का संचालन बाधित हो रहा था। अगस्त माह के अंत में बस जालंधर से वापस लौट रही थी। जब धीरे-धीरे स्थिति में सुधार हुआ तो बस को जम्मू तक भेजा जाने लगा। अब बस पहले की तरह कटरा तक जा रही है तो नवरात्रि के चलते बस में कटरा जाने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

**कटरा जाने के लिए बस में जा रहे यात्री**

जींद डिपो के डीआई जसमेर ने बताया कि नवरात्र में काफी संख्या में यात्री माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाते हैं। ऐसे में इन दिनों कटरा जाने वाले यात्रियों की संख्या ज्यादा है। रोडवेज अधिकारियों का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। जींद से कटरा के लिए रोडवेज बस प्रतिदिन चलती है। कटरा में माता वैष्णो देवी का मंदिर है।

**कटरा के लिए 750 रुपये किराया**



आमतौर पर जींद से जम्मू कटरा के लिए बस सुबह पांच बजकर 50 मिनट पर बस चलती है जो नरवाना, संगरूर व लुधियाना होते हुए करीब 13 घंटे में शाम सात बजे कटरा पहुंचती है। जींद से कटरा की दूरी लगभग 575 किलोमीटर है। रोडवेज बस से कटरा जाने के लिए 750 रुपये किराया लगता है। यह बस कटरा में रात्रि ठहराव कर अगले दिन सुबह पांच बजे वाया पानीपत होकर दिल्ली के लिए वापसी करती है। यात्रियों की मांग पर यह बस जनवरी माह में शुरू की गई थी। जम्मू कटरा के लिए बस चलाने को लेकर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा भी पैरवी कर चुके हैं। उन्होंने इसको लेकर रोडवेज महाप्रबंधक जींद को निर्देश दिए थेए जिसके बाद जनवरी माह की शुरुआत में जींद से जम्मू कटरा के लिए बस शुरू की गई थी। कटरा में माता वैष्णो देवी का मंदिर है। इस मंदिर के प्रति लोगों की काफी आस्था है। ऐसे में काफी संख्या में श्रद्धालु यहां से कटरा दर्शन के लिए जाते हैं।






कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।



पपुआ न्यू गिनी का हुडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेड़िंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैंडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

> देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर

## हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

## लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



बन रहा समय की जरूरत

> आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत

## पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

## रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।



> चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान

## डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

## युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ़ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

## एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. **IIT** बॉम्बे – **AI** व डेटा साइंस
2. **IIT** दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. **IIT** मद्रास – **B.Sc. Data Science & AI** (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. **IIT** हैदराबाद – **AI** में विशेष **M.Tech** प्रोग्राम
5. **IISc** बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. **IIIT** हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. **IIIT** बेंगलुरु – **AI** व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. **IIM** बेंगलुरु/अहमदाबाद – **AI** व बिज़नेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. **CDAC (Centre for Development of Advanced Computing)** – **AI** व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. **JNU** व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व **AI** संबंधित **M.Sc./Diploma**

## यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- **B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science** – 4 साल
- **M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning** – 2 साल
- **PG Diploma in AI/ML (CDAC, IITs, IIITs)** – 1 साल
- **Certificate Courses (Coursera, NPTEL, Udemy, EdX)** – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- (**Fresher**): 6–10 लाख प्रति वर्ष (**AI** इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- **Mid-Level** (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- **Senior Roles** (10+ साल): 30–50 लाख+ (**AI Architect, Research Scientist**)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

## यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक**: भविष्य का आधार

आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग**: पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस**: डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग**: सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी**: डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है।

ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

## समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें**: आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें**: कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन**: रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं**: जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग**: लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा**: दुनिया को बदलने की ताकत

भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यतः स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

**उत्तर** 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)

## खबर संक्षेप

### विधायक देवेंद्र अत्री 28 को करसिंधु पहुंचेंगे

**उचाना।** 28 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री कार्यकर्ताओं के करसिंधु में सुनेंगे। छात्तर मंडलध्यक्ष श्रवण मांडी ने बताया कि बूथ नंबर 73 पर आयोजित मन की बात कार्यक्रम को सुनने विधायक पहुंचेंगे।

### अग्रोहा धाम ईकाइयों का विस्तार कर रहा : बजरंग

**उचाना।** अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में में हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से अग्रोहा धाम जींद जिला युवा इकाई प्रधान दीपक गोयलए युवा इकाई उचाना प्रधान अमित जैन को बनाया गया। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि हुए कहा कि युवा पीढ़ी देशए प्रदेश का भविष्य है। देशए प्रदेश की तरक्की में युवाओं की अहम भूमिका है। अग्रोहा धाम देश व प्रदेश में युवा इकाईयों का विस्तार कर रही है।

### भूखंड खरीदने से पहले करें पूरी जांच : मनीष

**जींद।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र उचाना में कुछ अनधिकृत कॉलोनियों का विकास किया जा रहा है। इन कॉलोनियों का निर्माण बिना विभागीय स्वीकृति, आवश्यक लाइसेंस, सीएलयू एवं एनओसी प्राप्त किए किया जा रहा है, जो नियमानुसार पूरी तरह से अवैध है। बताया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है।

### पौधरोपण कर राष्ट्रीय पोषण माह मनाया

**जींद।** राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य निरीक्षक राजबीर सिंह के निर्देशन में व सरपंच प्रतिनिधि हरिओम शर्मा की उपस्थिति में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामलों कलां के तहत गांव गतौली में फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण कर राष्ट्रीय पोषण माह मनाया।

### पराली जलाने से जमीन की उर्वरक क्षमता कम

**जींद।** कृषि विज्ञान केंद्र पांडू पिंडारा में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 75 किसानों ने हिस्सा लिया। इंजीनियर रवि ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी देते बताया कि आग लगाने से सबसे ज्यादा विकट समस्या पर्यावरण प्रदूषण की पैदा होती है। यह सीधे-सीधे हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। हमें सांस लेने तक में दिक्कत महसूस होती है।

### जागरूक करने के लिए मोबाइल वैन का शुभारंभ

**जींद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव-गांव में जागरूकता फैलाने के लिए शुक्रवार को विशेष मोबाइल वैन का शुभारंभ किया गया। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने लघु सचिवालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर इस वैन को रवाना किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्ही बालिका द्वारा वैन को तिलक कर के किया गया।

### श्रमिक शिकायत निवारण शिविर पहली अक्टूबर को

**कैथल।** सहायक श्रम आयुक्त राजेश कुमार ने बताया कि कार्यालय में श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह के तहत एक अक्तूबर को शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में श्रमिकों, प्रबंध तथा नियोक्ताओं की समस्याएं व शिकायतें सुनी जाएंगी और समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं ने की मंदिर में मां की पूजा अर्चना

**सीवन।** शारदीय नवरात्रि के 5वें दिन श्रद्धालुओं ने सुबह से ही मंदिरों में जाकर मां की पूजा-अर्चना की। जगह-जगह भजन और कीर्तन गूंजे। स्वर्ग द्वार शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। सभी ने मां के चरणों में नारियल, फूल और दीप अर्पित किए। माता के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजायमान रहा।

---

### आरटीए ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी लाने के लिए काम करें अधिकारी

### शिक्षा विभाग के अधिकारी तालमेल बनाकर जारी करें शेड्यूल

**स्कूलों में बसों के चालकों को दिया जाए प्रशिक्षण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरटीए गिरीश कुमार ने कहा कि अधिकारी जिले में दुर्घटना में मौत के मामलों में डीसी प्रीति के निर्देशानुसार निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में टीम के तौर पर काम करें। जिले में सभी निजी स्कूलों की बस के चालकों को पाड़ला स्थित ड्राइविंग स्कूल में प्रशिक्षण दिया जाए। शिक्षा विभाग के अधिकारी तालमेल बनाकर इस संबंध में शेड्यूल जारी करें। शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा समिति व स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते आरटीए गिरीश कुमार ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करके जीरो लेकर आना है। सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करना सुनिश्चित करें। आपके एक प्रयास से किसी की जान बच सकती है। किसी परिवार की खुशी बच सकती है। मानवता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कार्य है। ड्यूटी के साथ-साथ जिम्मेदारी बनती है कि हम किसी की जान बचाने में कामयाब हो गए तो सड़क सुरक्षा के उद्देश्य की सफलता में एक कदम बढ़ाया जा सकता है। इसलिए हमें अलर्ट होकर कार्य करना है। आरटीए गिरिश कुमार ने एजेंडे में शामिल सभी बिंदूओं पर गहनता से चर्चा की। कहा कि अगस्त माह में जिला में 18 दुर्घटनाएं हुई थी, जिसमें 15 लोगों की मृत्यु हुई है। इसलिए जहां-जहां यह दुर्घटनाएं हुई हैं, उसका पूरा अध्ययन किया गया है, ताकि आने वाले समय में कोई भी दुर्घटना नहीं हो।


कैथल। आरटीए गिरीश कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते।

#### अगस्त में 7591 वाहनों के चालान

जो-जो आवश्यकताएं उन स्थानों पर है, संबंधित विभाग उन्हें समयबद्ध पूरा करें। इन दुर्घटनाओं की समीक्षा में सामने आया कि यातायात नियमों का दृढ़ता से पालन नहीं किया गया है। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे यातायता नियमों की दृढ़ता से पालन करें और हेल्मेट व सीट बैलेट लगाएं। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वे सुबह 7 से 10 बजे तथा सायं 4 से सायं 7 बजे तक शहर की एंट्री पर चैकिंग बढ़ाए और यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। रिपोर्ट अनुसार गत अगस्त माह में 7591 वाहन चालान किए गए।

#### ये रहे मौजूद

आरटीए गिरिश कुमार ने कहा कि बस स्टैंड के सामने फुटपाथ बनाए हैं, ताकि वहां पर कोई भी दुर्घटना नहीं हो। इसलिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारी फुटपाथ पर झालियां लगाना सुनिश्चित करें, ताकि फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का कोई भी अतिक्रमण न हो। करनाल रोड पर छोटू राम चौक से अस्पताल तक सड़क के दोनों ओर की जगह का पता लगाया जाए कि यह किस विभाग की है। राजौंद में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्य प्रगति पर है, लेकिन जहां कार्य पूरा हो चुका है लोक निर्माण विभाग के अधिकारी वहां पर सड़क बनाना शुरू कर दें, ताकि लोगों को राहत मिल सके। एसडीएम अजय सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना मामलों में पुलिस एफआईआर दर्ज करते समय आवश्यक प्रावधानों का पालन करें। इस अवसर परजिला परिषद सीईओ सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, एसडीएम अजय सिंह, डीएसपी वीरभान, डीडीपीओ रितु लाठर, एक्सईएन वरुण कंसल, सुरेंद्र सिंह, मार्केटिंग बोर्ड के एक्सईएन सतपाल, भरत नागपाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का निर्माण कार्य का प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

गुहला विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र हंस के निरंतर प्रयासों से सीवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ होने जा रहा है। लंबे समय से स्थानीय नागरिकों और मरीजों की यह मांग रही थी कि सीवन अस्पताल का भवन जर्जर हालत में होने के कारण इसका पुनर्निर्माण कराया जाए। विधायक के लगातार हस्तक्षेप और उच्चाधिकारियों से लगातार पत्राचार करने के बाद अब यह सपना पूरा होने जा रहा है और जल्द ही सीवन में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त नई बिल्डिंग का निर्माण प्रारंभ होगा। लेकिन इस बीच एक गंभीर समस्या पैदा हो गई है। मौजूदा भवन के पुनर्निर्माण के दौरान सीवन अस्पताल को अस्थायी रूप से कहीं और स्थानांतरित करने की आवश्यकता थी। यह भवन सीवन नगर में होना चाहिए था।


सीवन। पत्रकारों से बात करते विधायक देवेंदर हंस। फोटो :हरिभूमि


गुहला चीका। स्वच्छता सेवा अभियान में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### पौधरोपण अभियान चलाया

**गुहला-चीका।** नगरपालिका सचिव जतिंद्र शर्मा के निर्देशानुसार आज शहर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम के म्युनिसिपल कोऑर्डिनेटर प्रकाश एवं फील्ड असिस्टेंट मदन शर्मा के नेतृत्व में डीएवी कॉलेज चीका में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों एवं स्कूल स्टाफ ने मिलकर पौधा रोपण भी किया। बच्चों को स्वच्छता के महत्व एवं इससे जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी गई।इसी दौरान पालिका के स्वच्छता मित्रों का सिविल हॉस्पिटल गुहला में हेल्थ चेकअप भी करवाया गया। पालिका सचिव ने आमजन से अपील की कि वे नगर पालिका प्रशासन के साथ मिलकर स्वच्छता बनाए रखें। कहा कि कचरे की समस्या के लिए स्वच्छता एप पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### युवा स्वरोजगार की ओर बढ़ें : सोहन लाल

**कैथल।** राजकीय आईटीआई में कैरियर काउंसलिंग सेमिनार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित दीवारों पर पेंटिंग करवाई गई। सुबह छात्रों व स्टाफ सदस्यों द्वारा संस्थान में सफाई अभियान चलाया अध्यक्षता संस्थान अधीक्षक सोहनलाल कठवाड द्वारा की गई। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लेते स्वरोजगार स्थापित कर संस्थान व अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची रानी देवी सरपंच ग्राम पंचायत सिसमोर ने कहा कि छात्र-छात्राओं से हर प्रकार की प्रतिस्पर्धा में भाग लेकर जागरूक रहने व आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित कहा कि अब गांव में धान की फसल की कटाई शुरू हो गई है। यदि किसान धान के अवशेषों को खाद के रूप में प्रयोग करें तो एक तरफ तो पर्यावरण स्वच्छ होगा।

---

### कविता गायन में रमन प्रथम

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या कॉलेज उचाना मंडी में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन रंगोली, पेंटिंग, फोटोग्राफी, भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रत्येक वर्ष सभी कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाता है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवा वर्ग में प्रतिभा के साथ-साथ आत्मविश्वास व आगे बढ़ाने की भावना विकसित होती है। भाषण प्रतियोगिता में रमन प्रथम, ऐश्वर्या को सांत्वना पुरस्कार, कविता गायन में रमन प्रथम, रंगोली प्रतियोगिता में ऐश्वर्या प्रथम, जाह्नवी द्वितीय स्थान पर रही। छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में नवरात्रि पर्व के अवसर पर हमारी संस्कृति व सभ्यता का प्रतीक माता रानी की रंगोली बनाई।


उचाना। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में बनाई रंगोली। फोटो :हरिभूमि


राजौंद। स्कूल प्रांगण में पौधारोपण करते। फोटो :हरिभूमि

### जाखौली में मेगा पौधारोपण आयोजित

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में प्राचार्य ओपी शर्मा के नेतृत्व में मेगा पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सुनीता ए बी आर सी और गुरवचन गर्ग प्राचार्य राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली विशेष रूप से मौजूद रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के साथ मिलकर पौधे लगाए और उन्हें जीवनभर संभालने का संकल्प लिया। इस दौरान माताओं ने बच्चों को प्रेरित किया कि जैसे वे उनकी परवरिश करती हैं वैसे ही हर पौधे की देखभाल करनी है। इस भावुक दृश्य ने सभी को गहराई से छू लिया। सुनीता ने कहा कि वृक्ष जीवन के प्राण हैं और यह धरोहर हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित करनी होगी। गुरवचन गर्ग ने कहा कि पौधारोपण केवल परंपरा नहीं बल्कि जीवन का संकल्प है।प्राचार्य ओपी शर्मा ने कहा हर पौधा हमारे कल का संरक्षक है और विद्यार्थी व अभिभावक मिलकर इसकी देखभाल करेंगे तभी यह अभियान सफल होगा। इस दौरान विद्यालय परिसर में सैकड़ों पौधों से लगाएं गए जो वातावरण, हरियाली और सकारात्मक ऊर्जा से नजर आएंगे।

### दिव्यांग बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**अलेवा।** गांव नगूरां के राजकीय मॉडल वमावि में सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बिजेंद्र सिंह ने की तथा मुख्य रूप से नागरिक अस्पताल जींद से फिजियोथेरेपिस्ट डा. रिचा चौधरी व नेत्र रोग विशेषज्ञ रामकुमार शर्मा ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों के दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा। स्कूल प्राचार्य बिजेंद्र सिंह ने बताया कि स्कूल में समय-समय पर दिव्यांग बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें चिकित्सों की टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा जाता है। इस अवसर पर विशेष अध्यापक सुरजीत सिंह, मोना, सतीश कुमार आदि उपस्थित थे।


अलेवा। स्वास्थ्य की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।


उचाना। हिंदी पखवाड़ा में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### हिंदी पखवाड़ा का समापन

**उचाना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में हिंदी पखवाड़े समारोह का समापन हुआ। समारोह के दौरान अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। भाषण कवि सम्मेलन कविता पाठए आशु भाषणए निबंध लेखन एवं हिंदी सुलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्राचार्य सुरेंद्र सिंह हिंदी भाषा की वर्तमान में क्या प्रसिगकता है उस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान का भाव अभिव्यक्त करना चाहिए। हमारे अंदर नवाचार के गुण अपनी मातृभाषा में ही आ सकते है। विद्यार्थियों के द्वारा मुंशी प्रेमचंद के द्वारा लिखित अंतिम कहानी कफन का भी मंचन किया। संगीत शिक्षिका सुमन ने हिंदी भाषा के उत्थान व समृद्धि के लिए पर कविता प्रस्तुत की। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

---


कैथल। छात्राओं को लाडो लक्ष्मी योजना की जानकारी देते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### लाडो लक्ष्मी योजना की जानकारी दी

**कैथल।** उच्चतर शिक्षा विभाग के दिशानिर्देशानुसार आज राष्ट्रीय सेवा योजना और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के अंतर्गत 25 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली आउटरीच के संबंध में छात्राओं को कैंप में ले जाया गया । खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय कलायत में छात्राओं को लाडो लक्ष्मी योजना के बारे में विशेष जानकारी दी गई और बतलाया गया कि जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 100000 से कम है ,वे सभी महिलाएं जिनकी आयु 23 या 23 वर्ष से ऊपर है , इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी मुहैया करवाई गई। साथ में स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा छात्राओं को अपने शारीरिक , मानसिक स्वास्थ्य को सही रखने के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस उपलक्ष में परिचर्या अधिकारी डॉक्टर ललित चहल व कविता ने छात्राओं को उनके रक्त की कमी को पूरा करने के लिए पौष्टिक, संतुलित आहार खाने की सलाह दी।

# रक्तदान मानवता की सर्वोत्तम सेवा: एसपी

### सेवा पखवाड़ा के तहत थाना शहर सफीदों में शिविर लगाया

- डीएसपी गौरव ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को थाना शहर सफीदों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एसपी कुलदीप सिंह ने किया। उन्होने रक्तदान करने वाले पुलिस कर्मियो को बैज लगाकर हौसला अफजाई की। शिविर में डीएसपी गौरव शर्मा ने भी रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। एसपी कुलदीप सिह ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोत्तम सेवा है। पुलिस विभाग की इसमें भूमिका और ज्यादा अहम हो जाती है। क्योंकि पुलिस कर्मी न केवल सुरक्षा में बल्कि समाज सेवा में भी अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर एसपी कुलदीप सिह ने पौधा रोपण भी किया। इस मौके पर थाना शहर प्रभारी दिनेश कुमार, सदर थाना प्रभारी सुनील कुमार, सब इन्सपेक्टर राधेश्याम सीआईए समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


जींद। रक्तदाता को बैज लगाते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि


कैथल। फैकल्टी विकास कार्यक्रम में पदाधिकारियों का स्वागत करते अधिकारी।

### फैकल्टी विकास कार्यक्रम का आयोजन

**कैथल।** आरकेएसडी कालेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल तथा संस्थान नवाचार परिषद ने वाधवानी फाउंडेशन, बेंगलुरु (कर्नाटक) के सहयोग से तीन दिवसीय फैकल्टी विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विद्या समिति एवं प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अश्वनी शोरेवाला ने इस तीन दिवसीय फैकल्टी विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया और कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षकों और विद्यार्थियों को एआई तथा नई तकनीकों से जोड़कर उनकी भविष्य की तैयारियों को सशक्त करेगा। अश्वनी शोरेवाला ने कहा कि "इस प्रकार के प्रशिक्षण से शिक्षकों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और विद्यार्थी उद्योग की मांगों के अनुरूप कौशल प्राप्त कर सकेंगे। इस कार्यक्रम का इतना बड़ा लाभ होगा कि हमारे कॉलेज के विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि आस-पास के क्षेत्र के विद्यार्थी भी इन नए एआई उपकरणों से परिचित होंगे और आगे के जीवन में इतने सक्षम बनेंगे कि स्वयं से नए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकेंगे तथा हमेशा आत्म-तैयार रहेंगे।

---

### समाजसेवी रामप्रताप गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर की रवाना

# महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को लेकर निकाली शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के पावन अवसर पर शुक्रवार को कैथल नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा समाज के उत्साह, एकता और सांस्कृतिक समर्पण का प्रतीक बनी। शोभा यात्रा की शुरुआत कैथल के अग्रवाल युवा सभा कार्यालय कमेटी चौक से सभा के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने झंडी दिखाकर की। बैंड-बाजों, घोड़ों, ढोल-नगाड़ों और रंग-बिरंगी झांकियों के साथ निकली यह भव्य शोभा यात्रा नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने कहा झांकियों में महाराजा अग्रसेन के जीवन, समाज सुधारों और व्यापार नीति को चित्रित किया गया, जिससे लोगों को उनके आदर्शों से प्रेरणा मिली। साथ ही आकर्षक झांकियों ने इस शोभा यात्रा को और भी जीवंत बना दिया। कैथल के पिहोवा चौक सहित अन्य कई जगह पर शोभा यात्रा में भाग ले रही महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और शीतल जल एवं प्रसाद की व्यवस्था की। सभा में चेयरमैन रामकुमार बंसल ने महाराजा अग्रसेन के त्याग, नीति, सामाजिक समरसता व आर्थिक आत्मनिर्भरता की भावना को याद करते हुए समाज के युवाओं को उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया। रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि /"महाराजा अग्रसेन जी के विचार आज के युग में पहले से भी अधिक प्रासंगिक हैं। बिना भेदभाव के समाज को जोड़ने का कार्य किया। हमें भी उनके दिखाए मार्ग पर चलते समाज में समरसता, सहयोग और आत्मनिर्भरता की भावना को आगे बढ़ाना चाहिए।/" मुख्य सह सचिव हिमांशु गोयल ने कहा यह आयोजन किसी एक वर्ग का नहीं, पूरे अग्रवाल समाज का है।


समाजसेवी रामप्रताप गुप्ता शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रामप्रताप गुप्ता प्रधान, रामकुमार बंसल चेयरमैन, संजय बंसल वरिष्ठ उप प्रधान, मोहनलाल गुप्ता महासचिव, हिमांशु गोयल मुख्य सह सचिव, सुभाष बंसल कोषाध्यक्ष, अरुण सराफ, मोहनलाल गुप्ता, सौरभ चौधरी, परवीन जैन, सत्यनारायण मित्तल, नरेश मित्तल, राहुल खुरानिया, आयुष गर्ग, शिपिन बंसल आदि रहे।

#### सुंदर झांकियां निकाली

महाराजा अग्रसेन की जीवनगाथा को दर्शाती झांकियां, उनके राज्य की सामाजिक व्यवस्था, "एक ईंट और एक रुपया" की नीति, गो-सेवा, स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा जैसे विषयों पर आधारित झांकियां जनता को समाजसेवा और स्वावलंबन का संदेश दे रही थीं। इसके अलावा, कुछ झांकियाँ रामायण और महाभारत के पात्रों पर आधारित थीं। झांकियों के साथ चलते बैंड कलाकारों एवं ढोल-नगाड़ों की गूंज और भजनों की मधुर धुनों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

### बीमारियों के प्रति किया जागरूक

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत ढांडा खेड़ी गांव में स्वास्थ्य कर्मी सुशील शर्मा और सुनीता कुमारी ने ग्रामवासियों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया बुखार के कारण, लक्षण व बचाव के तरीके बताए। सर्वे के दौरान जिन लोगों को बुखार मिला, उनकी रक्त पट्टिका बनाई गई। इस दौरान टंकी, कूलर, होदी, छतों पर पड़े कबाड़, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रेए गमलों, पक्षियों के पानी पिलाने के बर्तनों के पानी में लारवा चेक किया। मच्छरजनित बीमारियों से बचाव की जानकारी संबंधी पम्पलेट भी बांटे गए। शर्मा ने कहा कि डेंगू बुखार संक्रमित एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से होता है। जिसमें अचानक तेज बुखार आता है, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द होता सिर में दर्द होता है।


जींद। लारवा की जांच करता स्वास्थ्य कर्मी।

**सूचना**

मैं, रानी पत्नी रमेश कुमार पुत्र रघबीर सिंह निवासी लितानी मार्ग, उचाना कलां, तहसील उचाना, जिला जींद बयान करती हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### 5वें दिन भक्तों ने देर शाम तक मां के किए दर्शन

**पूंडरी**। माता मनसा देवी मंदिर फतेहपुर में नवरात्रे के 5वें दिन दूर-दराज व शहर से आए भक्तों ने देर शाम तक मां के दर्शन किए। माता मनसा देवी तीर्थ फतेहपुर सभा के सदस्य व प्रसिद्ध समाजसेवी संजीव वालिया फतेहपुर ने बताया कि किवंदन्ती है कि देवी मंदिर फतेहपुर में मां भगवती के दर्शन पिडिंयों के रूप में है, जो प्राचीन समय में तालाब की खुदाई करते समय प्रकट हुई थी, बाद में यह तालाब एक बहुत बड़ा विशाल तीर्थ बन गया।

### महिला ने युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**कैथल**। थाना पूंडरी पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर मारपीट करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पूंडरी थाना पुलिस के तहत आने वाले गांव की एक विवाहिता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 सितंबर को गांव मोहना के मनदीप ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब आरोपी का उसके द्वारा विरोध किया गया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की।

### शिविर में आई शिकायतों का जल्द करवाएं समाधान

**कैथल**। नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले राज्यस्तर पर हुई साप्ताहिक बैठक में समस्याओं के समाधान को लेकर कैथल जिले की सराहना हुई। नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविरों में आई शिकायतों के निवारण में तेजी लाएं।

### ककहेडी के स्कूल में निकाली स्वच्छता रैली

**सीवन**। राजकीय माध्यमिक विद्यालय ककहेड़ी में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान विद्यार्थियों, अध्यापकों और स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने ग्रामवासियों को साफ-सफाई के महत्व से अवगत कराया। विद्यार्थियों ने हाथों में स्लोगन और अपनी बनाई आकर्षक पेंटिंग लेकर लोगों को संदेश दिया कि देश तभी प्रगति करेगा जब हर गली, हर घर और हर गांव स्वच्छ होगा। कार्यक्रम के तहत विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया।

## उपमंडल अभियंता ने ईक्कस जलघर व हांसी ब्रांच का किया निरीक्षण

# 35 करोड़ 87 लाख की पेयजल परियोजना से मिलेगा पांच गांवों को नहरी पानी

ईंटलकलां में ग्राम पंचायत व ग्रामीणों से मिलकर की पेयजल आपूर्ति पर बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। जलघर पर जांच करते हुए रणधीर मताना। फोटो : हरिभूमि

जींद शहर के नजदीक बसे पांच गांवों में जल्द ही 35 करोड़ 87 लाख की पेयजल परियोजना से नहरी पानी की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए कार्य तेजी से चल रहा है। बेहतर पेयजल आपूति के लिए शुक्रवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उपमंडल अभियंता रणबीर सिंह ने गांव ईक्कस के जलघर व हांसी ब्रांच का निरीक्षण करने के उपरांत गांव ईंटलकलां में ग्राम पंचायत व ग्रामीणों से बातचीत की और जानकारी दी। इस मौके पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना, ईंटलकलां के सरपंच रामनिवास सहित विभाग के कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। उपमंडल अभियंता ने कहा कि जल जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए हर उपभोक्ता तक साफ व स्वच्छ जल पहुंचाना विभाग की जिम्मेवारी है। इसके लिए विभाग द्वारा समय-समय पर उपभोक्ताओं की डिमांड व आवश्यकता अनुसार नए जलघर, बुस्टर, नए टयूब्बैल, पेयजल पाइप लाइन का कार्य किया जा रहा है।

### पेयजल आपूर्ति का कार्य चल रहा तेजी से

जींद के विभिन्न गांवों में अनेक स्कीमों के तहत पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्यों पर काम तेजी से चल रहा है। इसी कड़ी में जींद शहर के नजदीक पांच गांव की पेयजल सप्लाई की 35 करोड़ 87 लाख की परियोजना पर भी काम तेजी से चल रहा है। इस परियोजना में टयूब्वैल आधारित गांव ईंटल कलां, ईंटल खुर्द व जलालपुर कलां में तीन नए जलघर बनाए जाएंगे। जबकि संगतपुरा व जाजवान गांव में जलघर का सुधारिकरण कर इन पांचों गांवों को एक जगह से रा वाटर लिफ्टिंग कर पहुंचाया जाएगा। इसके लिए ईक्कस में जलघर बनाया गया है, जहां हांसी ब्रांच से पानी लिया जाएगा और पांचों गांवों में पहुंचाया जाएगा। इससे ग्रामीणों की पेयजल से संबंधित समस्या का समाधान हो जाएगा।

### घर-घर जाकर कर रहे क्लोरिन की जांच

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत खंड समन्वयक अपने-अपने खंड के गांवों में घर-घर जाकर पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन चैक कर रहे हैं। खंड नरवाना में सुरेंद्र कुमार, सफीदों में बलवान सिंह आर्य, पिल्लूखेड़ा में सुरेंद्र दुग्गल, जींद में दिनेश मलिक, अलेवा में ईश्वर लोहान, उचाना में कुशल शर्मा व जुलाना में सोमलता सैनी द्वारा जल संरक्षण व स्वच्छता को लेकर अभियाना चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को पेयजल जांच के बारे में बताया जा रहा है ताकि वे इसके लिए आश्वस्त हो कि विभाग द्वारा सप्लाई किये जाने वाला पानी स्वच्छ व पीने योग्य है।

### जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा

इस मौके पर ग्रामीणों से बातचीत करते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने ग्रामीणों को बताया कि पेयजल संरक्षण के लिए जिले के अनेक गांव में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत बिना टेप वाले कनैक्शन धारकों को पहले नोटिस दिया जाता है और उसके बाद कनैक्शन काटे जा रहे है। अवैध तरीके से लगाए गए खेती व सब्जी के कनेक्शन को काटा जा रहा है। उपभोक्ताओं द्वारा लगाए गए आधा इंच से अधिक साइज के कनेक्शन, एक ही घर में एक सें अधिक कनेक्शन व अस्वच्छ कनेक्शनधारकों को पहले नोटिस दिया जाता है और फिर उसके बाद कनेक्शन काटे जा रहे हैं। इस मौके पर ईंटलकलां के सरपंच रामनिवास ने कहा कि जलघर के लिए जितनी जमीन की आवश्यकता थी, वह ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध करवा दी गई है।

# एडिड कॉलेजों के गैर शैक्षणिक कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

- एसीपी का लाभ, संशोधित मकान किराया भत्ता, एक्सग्रेशिया पॉलिसी का लाभ देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। विरोध प्रदर्शन के दौरान मौजूद जसबीर काजल और अन्य।

हरियाणा प्रदेश के 97 सरकारी सहायता प्राप्त कालेजों के गैर शैक्षिक कर्मचारियों ने वेतन, एचआरए, ग्रेच्युटी सहित अन्य मांगों को लेकर धरना दिया और बाद में प्रदर्शन किया। एडिड कालेजों की यूनियन के आर्गेनाइज सचिव प्रवीण मल्होत्रा ने कहा कि प्रदेश के एडेड कॉलेजों में लगभग 4700 पद स्वीकृत हैं। जिनमें से लगभग तीन हजार शैक्षिक व गैर शैक्षिक कर्मचारी कार्यरत हैं। जिन्हें 95 प्रतिशत अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है। इन महाविद्यालयों में से ज्यादातर कॉलेज आजादी से पहले या हरियाणा प्रदेश के गठन से पहले के हैं। पिछले एक दशक से कॉलेजों में कार्यरत स्टाफ में सरकार व विभाग के उदासीन रवैये को लेकर संघर्षरत हैं। यूनियन नेता ने कहा कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में एसीपी का लाभ, संशोधित मकान किराया भत्ता, एक जनवरी 2006 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को ग्रैच्युटी का लाभ, सेवा नियम 2006 व लीव रूल्स 2002 में संशोधन, मेडिकल, आकस्मिक अवकाश के दिशा-निर्देश, सीसीएल और टेकओवर आदि शामिल हैं।

# बाढ़ प्रभावित लोगों को पंजाब सरकार की तर्ज पर मुआवजा देने का काम करे भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने सीएम नायब सिंह सैनी को एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन दिया



कैथल। एसडीएम अजय सिंह को ज्ञापन सौपते आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

आम आदमी पार्टी के ज़िला अध्यक्ष जगमग मटौर और वरिष्ठ नेता मास्टर सतबीर गोयत के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री , हरियाणा सरकार के नाम एसडीएम अजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिस तरह पंजाब सरकार ने किसानों और गरीबों को मुआवजा दिया है। जगमग मटौर ने कहा कि आम आदमी पार्टी की मांग है कि हरियाणा सरकार पंजाब सरकार की तर्ज पर हरियाणा के किसानों और गरीब लोगों को जो बाढ़ के पानी से नष्ट हुए फसल और मकान को जो नुकसान पहुंचा है उसका मुआवजा उचित मिलना चाहिए । इसके लिए आज आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने सीएम नायब सिंह सैनी को एसडीएम साहब द्वारा ज्ञापन दिया।

### आप पार्टी सदेव जनता के साथ खड़ी

आम आदमी पार्टी, हरियाणा की ओर से हम आपका ध्यान 2025 के मानसून में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। इस प्राकृतिक आपदा ने हजारों परिवारों, विशेष रूप से किसानों और ग्रामीण समुदायों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि बाढ़ प्रभावितों के हित में पंजाब सरकार के मॉडल को अपनाया जाए। हम इस मुद्दे पर आपके साथ संवाद के लिए तत्पर हैं और उम्मीद करते हैं कि हरियाणा सरकार इस दिशा में शीध्र ही करवाई करने का काम करेगी।

# नप ने ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर का किया शुभारंभ

- ई-वेस्ट का वैज्ञानिक निस्तारण करने के लिए नप ने पानीपत ई-वेस्ट प्रोसेसिंग कंपनी से अनुबंध किया
- पहल के साथ जींद हरियाणा राज्य का पहला नगर इकाई बना : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ करते हुए नगरायुक्त सुरेंद्र ।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा और उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में संचालित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नगर परिषद ने डीआरडीए मार्केट में ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर का शुभारंभ किया।

इस दौरान नगर आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने रिबन काट कर सेंटर का उद्घाटन किया। यह सेंटर नगर परिषद द्वारा निर्धारित जीरो वेस्ट वार्ड की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर नगरायुक्त और स्वच्छ भारत मिशन 2.0 की टीम ने स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों से अपील की कि ई-वेस्ट को खुले में या कहीं भी फेंकने की बजाय नगर परिषद द्वारा लगाए गए ई वेस्ट कलेक्शन बिन में ही डालें। एकत्रित ई-वेस्ट का वैज्ञानिक निस्तारण करने के लिए नगर परिषद ने पानीपत स्थित अधिकृत ई-वेस्ट प्रोसेसिंग कंपनी से अनुबंध किया है।

### जींद हरियाणा राज्य का पहला नगर इकाई बना : सुरेंद्र

शुक्रवार को जानकारी देते हुए नगरायुक्त सुरेंद्र ने बताया कि इस अभिनव पहल के साथ जींद हरियाणा राज्य का पहला नगर इकाई बन गया है। जिसने पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में इस तरह का इनोवेटिव प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद सभागार में सफाई मित्र क्षमता संवर्धन बैठक का आयोजन किया गया।

### खेल महोत्सव के बारे में छात्रों को किया जागरुक

**पूंडरी**। सांसद नवीन जिंदल की टीम ने पूंडरी हल्के के गांवों में सांसद खेल महोत्सव का प्रचार अभियान चलाया हुआ है। इस श्रृंखला में सांसद टीम पूंडरी के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल फतेहपुर में पहुंची और वहां पर खेलों में रुचि रखने वाले छात्रों का पंजीकरण कराया गया। सांसद खेल महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए पूंडरी हल्का इंचार्ज अरविंद गोलन ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं की शिक्षा और खेलों को लेकर गंभीर है। युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए और खेलों से जोड़ने के लिए सांसद खेल महोत्सव से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं। उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीकरण 21 सितंबर से आरंभ हो चुके हैं।

# युवा नशे से दूर रह शिक्षा व खेलों पर दें ध्यान

- हैंडबॉल में लड़कियों में दनौदा, लड़कों में डूमरखा बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना



उचाना। खिलाडिय़ों से परिचय करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

गांव करसिंधु के ग्रामीण खेल स्टेडियम में सेवा पखवाड़ा के तहत खेल विभाग द्वारा खेल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। लड़कों, लड़कियां की हैंडबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को मुख्यअतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। अध्यक्षता डीएसओ रामपाल हुड्डा ने की। लड़कों में डूमरखा की टीम दनौदा को हरा विजेता बनी तो लड़कियों में दनौदा की टीम नरवाना को हरा विजेता बनी। 30 सितंबर को खरकभूरा के खेल स्टेडियम में हॉकी के मैच होंगे।

### युवाओं से अभियान में मांगा सहयोग

विधायक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्म दिन से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पौधरोपण, स्वच्छता, खेल प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। नशा मुक्ति हरियाणा बनाने के लिए विशेषकर युवाओं को इस अभियान में सहयोग करना होगा। नशा करने से अनेकों प्रकार के नुकसान है। सबसे बड़ा नुकसान शरीर पर नशा प्रभाव डालता है तो परिवार भी परेशान रहता है। इसलिए नशे से दूर रहना चाहिए। हरियाणा के लिए कहावत है कि देशां में देश हरियाणा जित दूध दही का खाना। नशे जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करना है। कभी भी माता-पिता बच्चों पर दबाव न डाले कि वो ये पढ़ाई करें, ये खेल खेले। जो बच्चे चाहे उन्हें उस विषय की पढ़ाई एवं खेल को खेलने दें। इस मौके पर श्रवण मांडी, रोशन शर्मा, सतनाम करसिंधु, सतीश, अशोक कुमार हैंडबॉल कोच सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आम कार्यकर्ता को चेयरमैन बना भाजपा ने दिया सम्मान : सुरेंद्र खरकभूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

- किसानों, व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी मंडी में नहीं आने दी जाएगी



उचाना। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिल आभार प्रकट करते हुए मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा।

मार्केट कमेटी के चेयरमैन बने सुरेंद्र खरक भूरा ने विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिलकर आभार प्रकट किया। चेयरमैन बनाने पर सीएम नायब सिंह सैनीए प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोलीए जिलाध्यक्ष तिजेंद्र ढूल का भी आभार प्रकट किया। सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि आम कार्यकर्ता को जो सम्मान देने का काम भाजपा ने किया है उसके वो ताउम्र आभारी रहेंगे। निष्ठा के साथ संगठन के लिए काम करते हुए सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। किसानों, व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी मंडी में नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उचाना के लाडले विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की निरंतर हलके में लोकप्रियता बढ़ रही है। विकसित उचाना की सोच के तहत वो आगे बढ़ रहे है। जो वायदे हलके के लोगों से किए थे उन वायदों को निरंतर पूरा कर रहे है। वो एक ऐसे विधायक है जो हर समय आमजन के लिए उपलब्ध रहते है। ऐसा विधायक आजतक पूरे प्रदेश में नहीं बना होगा।

# सड़क जाम के लिए मांगी इजाजत

- पीने के पानी की किल्लत को लेकर बधाना गांवों के लोगों ने पुलिस से सड़क जाम करने की मांगी परमिशन
- बोले ग्रामीण : 17 दिन से पीने के पानी की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीण लेकिन समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा



अलेवा। बधाना गांव स्थित जलघर में लगा वह सबमर्सीबल जिसकी केबल जली है।

गांव बधाना स्थित जलघर में 17 दिनों से पीने के पानी की किल्लत को लेकर गांव के लोगों का सब्र का बांध टूट गया है और गांव के लोगों ने नगूरां पुलिस चौकी में पहुंच कर आगामी सोमवार को सड़क जाम करने की परमिशन मांगी है। गांव के लोगों का कहना है कि गांव में करीब 17 दिनों से पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है लेकिन विभाग तथा जिला प्रशासन गांव के लोगों की तो दूर की बात विधायक तक की भी बात नही सुन रहा है।

शुक्रवार को गांव बधाना के रामकरण, बिंद्र, पवन कुमार, राजेश, विकास आदि लोगों ने नगूरां पुलिस को लिखित में सड़क जाम करने की मांगी परमिशन में बताया कि गांव में करीब 17 दिनों से सबमर्सीबल की मोटर की केबल जली हुई है। यही नही गांव में नहरी पानी के लिए रखी मोटर भी चल नही रही है लेकिन अधिकारी ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान न कर केवल मात्र टैंकरों के पानी की सप्लाई कर रहा है। टैंकरों के माध्यम से पूरे गांव की पीने के पानी की किल्लत दूर होना असंभव है। इसके लिए बार-बार अधिकारियों के यहां चक्कर लगा चुके हैं लेकिन अधिकारी उनकी समस्या नही सुन रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं को पीने के पानी के लिए दूर-दराज खेतों का रूख करना पड रहा है।

# एनआईआईएलएम विवि कैथल में मनाया गया विश्व पर्यटन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के होटल मैनेजमेंट एवं टूरिज्म विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' विषय पर एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. संजीव कुमार रहे। इसका उद्देश्य पर्यटन के महत्व को बढ़ावा देना और इसके आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक लाभों को उजागर करना है। पर्यटन स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है और रोजगार के अवसर प्रदान करता है।

- व्याख्यान का उद्देश्य पर्यटन के महत्व को बढ़ावा देना और इसके आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक लाभों को उजागर करना है

### विश्व पर्यटन दिवस हमें पर्यटन के महत्व को बताता है

पर्यटन विभिन्न संस्कृतियों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और लोगों को नई संस्कृतियों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है। विश्व पर्यटन दिवस का उद्देश्य पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके लाभों को उजागर करना है। विभाग अध्यक्ष डॉ अभिषेक ने कहा कि इस दिन का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और लोगों को नई जगहों की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करना है। डीन ऑफ होटल मैनेजमेंट एवं टूरिज्म डिपार्मेंट डॉ रेखा गुप्ता ने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस हमें पर्यटन के महत्व को याद दिलाता है और हमें इसके लाभों को उजागर करने का अवसर प्रदान करता है। हमें सभी को मिलकर पर्यटन को बढ़ावा देने और इसके आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक लाभों को प्राप्त करने के लिए काम करना चाहिए।

### नप कर्मियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**जींद**। नगर पालिका कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रधान बिजेंद्र, उपप्रधान सोहन लाल, अजय, राजबीर, जितेंद्र, सुनील व सुरेश ने कहा कि एक लंबे अरसे से सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी जून माह में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री से फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर गए थे। उस समय एक सप्ताह में बैठक कर मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया था लेकिन आज तक मांग पत्र पर कोई बातचीत का समय नहीं दिया है। सफाई कर्मचारी व सीवर मैन कर्मचारियों की भांति ग्रुप डी के कर्मचारियों को साबुन देने, सफाई कर्मचारियों को पेट्रोल व मोबाइल का खर्च देने व पालिका रोल कर्मचारियों को प्रति माह वर्दी के पैसे देने, गुरुग्राम के छंटनीग्रस्त कर्मचारियों को बहाल करने की मांगें रखी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान सभी महिलाओं को समर्पित

**कैथल**। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवबन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सांच में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान एवं 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के अतर्गत चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील जागलान ने शिविर में दुग्धपान करवाने वाली महिलाओं, किशोरियों व गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु जागृत किया गया।

## परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के वाइस चेयरमैन ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

डीएलएड की पूरक परीक्षा, कंपार्टमेंट तथा मर्सी चांस परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। जांच करते हुए सतीश शाहपुर। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के वाइस चेयरमैन सतीश शाहपुर ने जिला के एसके सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एसडी सीनियर सकेंडरी स्कूल समेत विभिन्न स्कूलों में परीक्षा केंद्रों का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया। जिले में डीएलएड की पूरक परीक्षा, कंपार्टमेंट तथा मर्सी चांस परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नकल रहित एवं पारदर्शी परीक्षाओं का आयोजन शिक्षा बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, पारदर्शिता और नकल-रहित परीक्षाओं को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए बोर्ड ने कई ठोस कदम उठाए हैं।

### समय-समय पर हो रहे ट्रेनिंग कार्यक्रम

*ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों में शिक्षा का समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की जा रही हैं। अध्यापकों के लिए समय-समय पर ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि वे आधुनिक शिक्षा पद्धति से छात्रों को लाभान्वित कर सकें। चेयरमैन ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का लक्ष्य केवल परीक्षा आयोजित करना ही नही बल्कि विद्यार्थियों को ऐसे संस्कार और शिक्षा देना है जिससे वे भविष्य में अच्छे नागरिक बनकर समाज और देश की सेवा कर सकें।*